INDIAN SCHOOL NIZWA - WORKSHEET

HINDI

अपठित गद्यांश

Name: ___________________ Date:____________ Class: V Sec: ___

| | |
|---|---|
| | **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर विकल्प से चुनिए -** |
| | उसी गाँव में एक धोबी रहता था। वह भी बारिश से परेशान था। आज सुबह से उसका गधा गायब था। सारा दिन वह बारिश में भीगता रहा और जगह-जगह गधे को ढूँढता रहा, लेकिन गधा कहीं नहीं मिला। धोबी की पत्नी बोली- "जाकर गाँव के पंडित जी से क्यों नहीं पूछते? वे बड़े ज्ञानी हैं। आगे-पीछे, सबके हाल की उन्हें खबर रहती है"। पत्नी की बात धोबी को जँच गई? अपना मोटा लट्ठ उठाकर वह पंडित जी के घर की तरफ़ चल पड़ा। उसने देखा कि पंडित जी घर में जमा बारिश का पानी उलीच उलीचकर फेंक रहे थे। |
| | प्रश्न 1: उसी गाँव में कौन रहता था?<br>(क) गोभी (ख) धोबी<br>(ग) राजा (घ) वज़ीर |
| | प्रश्न 2: धोबी किससे परेशान था?<br>(क) किसान से (ख) पत्नी से<br>(ग) बारिश से (घ) पंडित से |

| | |
|---|---|
| | प्रश्न 3: उसका गधा कब से गायब था?<br><br>(क ) सुबह से      (ख ) शाम से<br><br>(ग ) दोपहर से      (घ ) रात से |
| | प्रश्न 4: सारा दिन वह किसमें भीगता रहा?<br><br>(क ) नदी में      (ख ) तालाब में<br><br>(ग ) समुद्र में      (घ ) बारिश में |
| | प्रश्न 5: कौन बड़े ज्ञानी थे ?<br><br>(क ) राजा      (ख ) पंडित<br><br>(ग ) पत्नी      (घ ) धोबी |

**समाप्त**